भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2419

उत्तर देने की तारीख 03 अगस्त, 2026

12 श्रावण, 1948 (शक)

आकांक्षी जिलों में अतिरिक्त केआईसी

2419. श्री यूसुफ पठान:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत स्वीकृत खेल अवसंरचना संबंधी परियोजनाओं की राज्य / संघ राज्यक्षेत्र वार संख्या कितनी है;

(ख) पूर्ण की गई उक्त परियोजनाओं की संख्या कितनी है तथा निधि जारी होने या निष्पादन में विलंब के कारण लंबित परियोजनाओं की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार का आकांक्षी और सीमावर्ती जिलों में अतिरिक्त खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) स्थापित करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): देशभर में खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं और उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि तथा भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ग) और (घ): स्वीकृत 1250 खेलो इंडिया केंद्रों में से, आकांक्षी एवं सीमावर्ती जिलों सहित 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 1066 खेलो इंडिया केंद्र अधिसूचित किए जा चुके हैं । आकांक्षी एवं सीमावर्ती जिलों सहित देशभर में विद्यमान सभी खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****